# गोपनीयता सूचना

NSW डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटीज एंड जस्टिस (DCJ) कॉमनवेल्थ डिपार्टमेंट ऑफ होम अफेयरस (DHA) की ओर से एक राष्ट्रीय हिंसक चरमपंथ विरोधी हेल्पलाइन और सहायता सेवा का संचालन करता है जिसे स्टेप टुगेदर (Step Together) कहते हैं। इसका अर्थ है कि DCJ ऑस्ट्रेलिया के सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों से स्टेप टुगेदर (Step Together) को किए गए पूछताछ संबंधी सवालों को प्राप्त करता है और उनका जवाब देता है।

## NSW कानून के तहत स्टेप टुगेदर (Step Together) के गोपनीयता दायित्व

NSW की एक सरकारी एजेंसी के तौर पर, DCJ को आपकी जानकारी की संभाल करते समय NSW गोपनीयता कानूनों के तहत अपने दायित्वों का पालन करना होगा:

- व्यक्तिगत जानकारी के लिए: *गोपनीयता एवं व्यक्तिगत सूचना संरक्षण अधिनियम 1998* (NSW)
- स्वास्थ्य जानकारी के लिए: *स्वास्थ्य रिकॉर्ड और सूचना गोपनीयता अधिनियम 2002* (NSW)

इन कानूनों में गोपनीयता सिद्धांत शामिल हैं जो हमें बताते हैं कि:

- हम कौन सी व्यक्तिगत और स्वास्थ्य जानकारी एकत्रित कर सकते हैं और हम इसे कैसे एकत्रित करते हैं
- हम व्यक्तिगत और स्वास्थ्य जानकारी को कैसे संग्रहीत और संरक्षित करते हैं
- आप यह कैसे पता लगा सकते हैं कि हम आपके बारे में क्या जानकारी रखते हैं और इसके गलत होने पर इसे कैसे सही कर सकते हैं
- आप इस बारे में शिकायत कैसे कर सकते हैं कि आपकी व्यक्तिगत या स्वास्थ्य जानकारी की संभाल कैसे की गई है।

## हम कौन सी जानकारी एकत्रित करते हैं

स्टेप टुगेदर (Step Together) केवल वही जानकारी एकत्रित करता है जो हमें स्टेप टुगेदर से संपर्क करने वाले व्यक्तियों द्वारा प्रदान की जाती है। इस जानकारी को हेल्पलाइन पर किए गए कॉल के दौरान, वेबचैट के माध्यम से या ईमेल के माध्यम से एकत्रित किया जा सकता है।

जब आप हेल्पलाइन पर कॉल करते हैं, तब हम कॉल करने वाले का फ़ोन नंबर भी एकत्र करते हैं, बशर्ते कि यह कोई प्राइवेट नंबर न हो, और वह राज्य या राज्य-क्षेत्र भी जहाँ से कॉल किया गया है। हेल्पलाइन पर की गई सभी फोन कॉल्स रिकॉर्ड की जाती हैं।

## हम जानकारी क्यों एकत्रित करते हैं और हम इसका उपयोग कैसे करते हैं

स्टेप टुगेदर (Step Together) आपके सवालों के जवाब देने, सलाह देने और/या आपको प्रासंगिक सहायता सेवाओं से जोड़ने के लिए एकत्रित की गई जानकारी का उपयोग करता है।

हम आपकी पूछताछ का आकलन करने के लिए भी हमारे द्वारा एकत्रित की गई जानकारी का उपयोग करते हैं। कुछ परिस्थितियों में हमें आपकी जानकारी को आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र की किसी विशेषज्ञ टीम के साथ साझा करने की आवश्यकता होती है, ताकि वे स्थानीय रूप से उपलब्ध अतिरिक्त सहायता और कार्यक्रमों को प्रदान कर सकें। आपकी जानकारी को साझा करने से पहले इस पर आपसे चर्चा की जाएगी। प्रत्येक राज्य या राज्य-क्षेत्र में कार्यक्रमों के बारे में और अधिक जानकारी यहाँ उपलब्ध है।

हम आपकी जानकारी का उपयोग समग्र स्तर पर स्टेप टुगेदर (Step Together) की सेवाओं की योजना बनाने, इनका समन्वय करने और उन्हें बेहतर बनाने में मदद करने के लिए भी कर सकते हैं।

कुछ परिस्थितियों में, DCJ को कानूनी तौर पर कुछ जानकारी का खुलासा करने की अनुमति, अधिकार या आवश्यकता हो सकती है। इसमें वह स्थिति शामिल है जहाँ किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य या सुरक्षा को तत्काल जोखिम हो या ऐसी परिस्थितियों में जहाँ किसी बच्चे की सुरक्षा, कल्याण या भलाई से जुड़ी कोई समस्या हो।

## इस बारे में और अधिक जानकारी कि स्टेप टुगेदर (Step Together) जानकारी की संभाल कैसे करता है।

Step Together को जानकारी प्रदान करना स्वैच्छिक है, और यह आपके नियंत्रण में है कि आप हमारे साथ कितनी जानकारी साझा करते हैं।

हम जिम्मेदारी से और ठीक ढंग से हमारे द्वारा एकत्रित की जाने वाली जानकारी का प्रबंधन करने और हमारे हितधारकों, कर्मचारियों और जनता के सदस्यों की गोपनीयता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एकत्रित की गई संपूर्ण जानकारी को एक्सेस-कंट्रोल्ड सिस्टमों में सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाता है और इसे केवल स्टेप टुगेदर (Step Together) के कर्मचारियों द्वारा ही देखा जा सकता है।

स्टेप टुगेदर (Step Together) प्रोग्राम द्वारा एकत्रित की गई व्यक्तिगत और स्वास्थ्य जानकारी इनके द्वारा एकत्रित की जाती है: NSW डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटीज एंड जस्टिस

- फोन: 1800 875 205
- ईमेल: contact@steptogether.gov.au

**DCJ की गोपनीयता नीति** और **DCJ की गोपनीयता प्रबंधन योजना** यह दर्शाती है कि विभाग व्यक्तिगत और स्वास्थ्य जानकारी की संभाल कैसे करता है और *गोपनीयता एवं व्यक्तिगत सूचना संरक्षण अधिनियम 1998* और *स्वास्थ्य रिकॉर्ड और सूचना गोपनीयता अधिनियम 2002* के तहत अपने दायित्वों का अनुपालन कैसे करता है।

Step Together प्रोग्राम द्वारा एकत्रित की गई व्यक्तिगत और स्वास्थ्य जानकारी इनके द्वारा एकत्रित की जाती है:

NSW डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटीज एंड जस्टिस
Locked Bag 5000
Parramatta, NSW, 2124